पंजाब केसरी 17/10/2023

जी.एम.एन. कॉलेज में 46वां जोनल युवा महोत्सव कल से

कार्यक्रम के बारे में जानकारी सांझा करते कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

अम्बाला, 16 अक्तूबर (कोचर): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशानुसार गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में अम्बाला जोन के युवा महोत्सव का आयोजन 18 से 20 अक्तूबर किया जाएगा।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सोमवार को प्रैसवार्ता दौरान इस बारे में जानकारी दी और बताया कि जी.एम.एन. कॉलेज व पूरे अम्बाला के लिए गर्व का विषय है कि इस वर्ष का अम्बाला जोन का 46वां युवा महोत्सव जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित किया जाएगा।

प्राचार्य ने बताया कि अम्बाला जोन के 20 महाविद्यालय 3 दिन चलने वाले इस युवा महोत्सव में 43 विधाओं में अपनी प्रतिभा की छटा बिखेरेंगे। कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि 46वें युवा महोत्सव में इस बार हरियाणा प्रदेश के विलुप्त होते नृत्य लूर को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस विधा को युवा महोत्सव में शामिल करने का उद्देश्य यही है कि हरियाणा की संस्कृति को देश के साथ-साथ विश्वभर में पहचान मिले।

इससे पहले 2015 में जी.एम.एन. कॉलेज में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था। वहीं जी.एम.एन. कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देसवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी कॉलेजों के विद्यार्थियों में खासा उत्साह है।